मतलब की दुनियाँ में

मतलब की दुनियाँ में कोई ना हमारा है
मुझको तो मेरे बाबा बस तेरा सहारा है
मतलब की दुनियाँ में

दुनियाँ की ठोकर खा तेरे दर पे आया हूँ
सच कहता हूँ बाबा इस जग का सताया हूँ
मझधार में है नैया सूझे ना किनारा है
मुझको तो मेरे बाबा बस तेरा सहारा है
मतलब की दुनियाँ में

झूँठी दुनियाँ वाले सब मन के काले हैं
मेरी जीवन डोरी अब तेरे हवाले है
ये दास तेरा बाबा तकदीर का मारा है
मुझको तो मेरे बाबा बस तेरा सहारा है
मतलब की दुनियाँ में

अब तुम ना सुनोगे तो मैं और कहाँ जाऊँ
जो जख्म मेरे दिल में किस को मैं दिखलाऊँ
जहाँ रहमत बरसती हैं वो तेरा ही द्वारा है
मुझको तो मेरे बाबा बस तेरा सहारा है
मतलब की दुनियाँ में

तेरे भीम सैन को तो विपदा ने घेरा है
मेरे सर पे छांयाँ अब घोर अँधेरा है
तुमने तो लाखों को संकट से उबारा है
मुझको तो मेरे बाबा बस तेरा सहारा है
मतलब की दुनियाँ में कोई ना हमारा है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14971/title/matlab-ki-duniya-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |